# आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 08.07.2026 समय : 0705

<><><><><><>

1. जल शक्ति मंत्रालय की ओर से राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल पर 7वें राष्ट्रीय जल पुरस्कार की घोषणा की गई है।
2. पशुपालन और पशु चिकित्सा विभाग की ओर से प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना 4.0 के तहत प्रशिक्षण के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए है।
3. करमाटांग और वेबी क्लस्टरों में राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन के तहत प्राकृतिक खेती पर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
4. सरकार ने स्पोर्ट्स एसोसिएशन ऑफ़ इंडिया–साई नाम के एक संगठन के झूठे दावों के बारे में लोगों को सावधान किया है।

<><><><><><>

जल शक्ति मंत्रालय की ओर से राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल पर 7वें राष्ट्रीय जल पुरस्कार की घोषणा की गई है। इस पुरस्कार के लिए आवेदन ऑनलाइन राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल www.awards.gov.in के माध्यम से भेजे जा सकते हैं। अधिक जानकारी पोर्टल या जल संसाधन, नदी विकास और गंगा पुनर्जीवन विभाग की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 28 अगस्त है। मंत्रालय ने कहा कि ये पुरस्कार जल समृद्ध भारत के सरकारी दृष्टिकोण को साकार करने में देश भर के राज्यों, जिलों, व्यक्तियों और संगठनों द्वारा किए गए अनुकरणीय कार्यों और प्रयासों को प्रोत्साहित करने के लिए शुरू किए गए हैं। इसका उद्देश्य जनता को जल के महत्व के प्रति जागरूक करना और उन्हें जल उपयोग के सर्वोत्तम तरीकों को अपनाने के लिए प्रेरित करना है। राष्ट्रीय जल पुरस्कारों का उद्देश्य हितधारकों को देश में जल संसाधन प्रबंधन के प्रति समग्र दृष्टिकोण अपनाने के लिए प्रोत्साहित करना है।

<><><><><><>

पशुपालन और पशु चिकित्सा सेवा विभाग की ओर से प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना 4.0 के तहत डॉलीगंज स्थित पशुपालन प्रशिक्षण संस्थान में 'लाइवस्टॉक ग्रीन मैनेजमेंट प्रमोटर' पर अल्पकालिक प्रशिक्षण पाठ्यक्रम के लिए पात्र उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इसका उद्देश्य द्वीपों में टिकाऊ, पर्यावरण–अनुकूल और जलवायु–अनुकूल पशुपालन प्रणाली को बढ़ावा देना है। वर्तमान बैच के लिए केवल 15 उम्मीदवारों की सीटे उपलब्ध है। इसके लिए उम्मीदवारों के पास पशु चिकित्सा विज्ञान, पशुपालन, डेयरी टेक्नोलॉजी में यूजी डिप्लोमा या समकक्ष या कक्षा 12वीं के बाद पशु चिकित्सा विज्ञान, पशुपालन, डेयरी टेक्नोलॉजी में 2–वर्षीय डिप्लोमा का द्वितीय वर्ष या कृषि और संबद्ध क्षेत्रों में डेढ़ वर्ष के अनुभव के साथ यूजी प्रमाणपत्र या 3 वर्ष के अनुभव के साथ 12वीं कक्षा उत्तीर्ण या डेढ़ वर्ष के अनुभव के साथ पिछली प्रासंगिक NSQF लेवल 4.5 योग्यता, या 3 वर्ष के अनुभव के साथ पिछली प्रासंगिक NSQF लेवल 4 योग्यता का होना अनिवार्य है। इच्छुक उम्मीदवार अपने बायो–डेटा के साथ 17 जुलाई, तक वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी, पशुपालन प्रशिक्षण संस्थान से संपर्क कर पाठ्यक्रम के लिए अपना नामांकन करा सकते हैं।

<><><><><><>

विश्व तंबाकू निषेध दिवस के हिस्से के रूप में एनटीपीसी और राज्य स्वास्थ्य समिति, की ओर से पोस्टर मेकिंग और निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं का उद्देश्य तंबाकू के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूकता बढ़ाना और एक स्वस्थ, तंबाकू मुक्त भविष्य को प्रोत्साहित करना था। पोस्टर मेकिंग और निबंध लेखन दोनों प्रतियोगिताओं के लिए विषय 'आकर्षण का अनावरण – निकोटीन और तंबाकू की लत का मुकाबला' था। इस प्रतियोगिता में विभिन्न स्कूलों और कॉलेजों के छात्रों ने भाग लिया। विजेताओं का चयन उनकी रचनात्मकता, संदेश की स्पष्टता और समग्र प्रभाव के आधार पर किया गया। विजेताओं को प्रथम पुरस्कार के रूप में 2 हजार, द्वितीय पुरस्कार के रूप में 1,500 तृतीय पुरस्कार के रूप में 1,200 रूपये और 500–500 रूपये के दो सांत्वना पुरस्कार दिए जाएंगे।

<><><><><><>

मध्योत्तर अंडमान जिला प्रशासन ने कल कदमतला और शांतनु में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाकर तीन अलग–अलग स्थानों पर कुल लगभग 0.190 हेक्टेयर सरकारी भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराया गया। जिला प्रशासन ने सरकारी भूमि पर अतिक्रमण के खिलाफ अपनी जीरो–टॉलरेंस की नीति के तहत आम जनता से सरकारी संपत्ति पर अनधिकृत कब्जा न करने और अतिक्रमण के किसी भी मामले की सूचना देने की अपील की है।

<><><><><><>

कृषि विभाग मायाबंदर ने यूटीआत्मा और कृषि विज्ञान केंद्र निंबुडेरा के सहयोग से हाल ही में मायाबंदर के करमाटांग और वेबी क्लस्टरों में केंद्र प्रायोजित योजना – राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन के तहत प्राकृतिक खेती पर दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया। तकनीकी सत्र के दौरान, कृषि विज्ञान केन्द्र, निंबुडेरा के प्रमुख डॉ. वाई. रामकृष्ण ने मिट्टी की उर्वरता और दीर्घकालिक कृषि स्थिरता सुनिश्चित करने में प्राकृतिक खेती की भूमिका के बारे में बताया। इससे पहले, उपस्थिति का स्वागत करते हुए मायाबंदर की कृषि अधिकारी शमना सलाम ने मिशन के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए टिकाऊ व पर्यावरण–अनुकूल कृषि पद्धतियों के बढ़ते महत्व को रेखांकित किया।

इस अवसर पर किसानों को प्राकृतिक खेती किट वितरित किए गए। इस कार्यक्रम में किसानों, कृषि सखियों, स्वयं सहायता समूह के सदस्यों, सहित 90 हितधारकों ने भाग लिया।

**<><><><><><><>**

सरकार ने स्पोर्ट्स एसोसिएशन ऑफ़ इंडिया–साई नाम के एक संगठन के झूठे दावों के बारे में लोगों को सावधान किया है। यह संगठन दावा कर रहा है कि उसे युवा मामले और खेल मंत्रालय से मान्यता मिली हुई है। प्रेस सूचना कार्यालय की फैक्ट चेक यूनिट ने कहा है कि यह दावा गलत है और साफ़ किया है कि मंत्रालय ने इस संगठन को कोई मान्यता या संबद्धता नहीं दी है। इसमें यह भी कहा गया है कि स्पोर्ट्स एसोसिएशन ऑफ़ इंडिया का फिट इंडिया मूवमेंट से कोई संबंध नहीं है और उसे फिट इंडिया लोगो या ब्रांडिंग का इस्तेमाल करने की अनुमति नहीं दी गई है। फैक्ट चेक यूनिट ने आगे कहा कि यह संगठन कथित राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय खेल आयोजनों के लिए खिलाड़ियों के चयन के पत्र, प्रचार सामग्री और विज्ञापन जारी कर रहा है और साथ ही प्रतिभागियों से 1,500 रुपये की रजिस्ट्रेशन फ़ीस भी ले रहा है। इसने नागरिकों से अपील की है कि वे सावधान रहें और कोई भी पेमेंट करने या ऐसे आयोजनों में भाग लेने से पहले आधिकारिक स्रोतों से ऐसे दावों की पुष्टि कर लें।

**<><><><><><><>**

अंडमान लॉ कॉलेज में शैक्षणिक वर्ष 2026–27 के लिए बी.ए.एलएल.बी. के पांच वर्षीय एकीकृत पाठ्यक्रम के उम्मीदवारों की अस्थाई सामान्य योग्यता सूची और श्रेणीवार योग्यता सूची वेबसाइट collegeadmission.andamannicobar.gov.in पर अपलोड कर दी गई है। इसके अलावा सूची कॉलेज के सूचना पट्ट पर भी दर्शा दी गई है। इस संबंध में दावे और आपत्तियां 10 जुलाई शाम 5 बजे तक कॉलेज के ईमेल द्वारा या व्यक्तिगत रूप से कॉलेज कार्यालय में जमा किए जा सकते हैं।

**<><><><><><><>**

## समाचार पत्रों की सुर्खियां

**द डेली टेलीग्राम्स** ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर उप–राज्यपाल प्रशस्ति पत्र के लिए आवेदन आमंत्रित करने के समाचार को प्रमुखता से प्रकाशित किया है। **द्वीप समाचार** ने मध्योत्तर अंडमान जिला प्रशासन द्वारा रंगत तहसील में अतिक्रमण अभियान चलाने के समाचार को प्रमुखता देते हुए सचित्र प्रकाशित किया है। महिला कांग्रेस कार्यकारी समिति के महिला आरक्षण बिल 2023 को लेकर हुई बैठक के समाचार को **अंडमान एक्सप्रेस अंग्रेज़ी** में जगह मिली है। **इंफो इंडिया** ने सहकारिता विभाग द्वारा सहकार से समृद्धि अभियान के साथ 5वां स्थापना दिवस मनाए जाने के समाचार को जबकि **द इको ऑफ इंडिया** ने डिगलीपुर के किसानों की बाढ़ से हुए नुकसान के लिए तुरंत राहत देने की मांग के समाचार को प्रमुखता दी है।

**<><><><><><><>**